वीयू– क्षय रोगी को पूरक पोषण आहार प्रदत्त

माननीय प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कम्युनिटी सपोर्ट हेतु नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की क्षय रोग उपचार रत छात्र को पूरक पोषण आहार का फूड बास्केट प्रदान किया गया। माननीय कुलपति द्वारा छात्र को नियमित पोषण आहार लेने हेतु कहां गया साथ ही साथ ही क्षय रोग के उपचार को निरंतर डॉक्टरी सलाह पर जारी रखने के महत्व को समझाया ।

कम्युनिटी सपोर्ट के तहत यह फूड बॉस्केट हर आयु के क्षय रोगी के हिसाब से बनाई गई है जिसमें मुख्यतः प्रोटीन के उत्तम सोर्स के विभिन्न खाद्य को समाहित किया गया है।

इस प्रकार का फूड बॉस्केट तकरीबन 6 महीने तक क्षय रोगी को दिया जाना होगा जिससे अच्छे पोषण से उनकी सेहत में सुधार हो तथा वह तपेदिक की बीमारी को हराकर स्वस्थ जीवन निर्वाह कर सके। इस वितरण के दौरान कुल सचिव डॉ श्रीकांत जोशी, डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ जी.पी. लखानी, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. सुनील नायक, डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. जी. दास, डॉ. बी. राय, डॉ. कारमोरे, डॉ. एस. घोष तथा डॉ. सोना दुबे उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर